दिनांक : 09.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी, प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री ने कहा- साफ, स्वच्छ यमुना को दिल्ली की पहचान बनाएंगे।
- प्रधानमंत्री कल विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा, प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने समाज को प्रदान की नई दिशा।
- नई दिल्ली जारी विश्व पुस्तक मेले में मध्यप्रदेश की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र

दिल्ली चुनाव नतीजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि साफ और निर्मल यमुना को दिल्ली शहर की पहचान बनाएंगे। कल दिल्ली में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद भाजपा मुख्यालय पहुंचे श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली का तो अस्तित्व ही मां यमुनाजी की गोद में पनपा है। उन्होंने कहा कि मैंने संकल्प लिया है कि समय कितना ही क्यों न लगे, शक्ति कितनी ही क्यों न लगे, हम पूरा प्रयास करेंगे। बाइट- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार दिल्ली-NCR के हर प्रदेश में भाजपा का शासन आया है। आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है। इससे दिल्ली और पूरे NCR में तरक्की के अनगिनत रास्ते खुलने जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी सरकार पर निशना साधते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली को मालिक होने का जिन्हें घमंड था, उनका सच से सामना हो भी गया है। दिल्ली के जनादेश से स्पष्ट है कि राजनीति में शॉर्ट कट के लिए, झूठ और फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी 27 वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में भाजपा ने 48 सीटें जीती हैं वहीं आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस एक बार फिर खाता भी नहीं खोल सकी।

परीक्षा पे चर्चा-प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट mygov.in, यूट्यूब से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। प्रदेश के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई है।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां टीवी देखने की व्यवस्था संभव नहीं होगी वहां रेडियो की व्यवस्था किये जाने के लिये निर्देश दिये गये है।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर रायसेन में तैयारियां जारी है। रायसेन के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। छात्रा प्रियांशी कुशवाह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया

वहीं छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में भी काफी उत्साह है। विद्यालय के छात्र प्रज्ववल कुकड़े ने बताया की:

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

भोपाल में आगामी 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अब तक इंदौर से ढाई हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसी को लेकर ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में कलेक्टर आशीष सिंह ने उद्योगपतियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उद्योगपतियों ने कहा कि इंदौर में जितना ज्यादा इंवेस्टमेंट होगा, उतना ज्यादा इंदौर के उद्योगपतियों को भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के अवसर भी इंदौर में बढ़ेंगे। उद्योगपतियों ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में अपना स्टॉल लगाने के लिए इच्छा जताई। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि विदेशों से आने वाले इन्वेस्टर्स के स्वागत के लिए इंदौर एयरपोर्ट पर मालवा संस्कृति की झलक पेश की जाएगी।

एयरपोर्ट पर इंवेस्टर्स के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं। यहां से उन्हें समिट से जुड़ी जरूरी जानकारियां और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**सीएम-शंकराचार्य**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आचार्य शंकर ने सनातन धर्म और सांस्कृतिक एकता के लिए जो कार्य किया, वह सदैव पूजनीय रहेगा। डॉ. यादव ने कल प्रयागराज में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से महाकुम्भ क्षेत्र में स्थापित आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित 'शंकरो लोकशंकर:' कथा का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य शंकर ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया।

**प्रधानमंत्री अजय योजना**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना-पीएम अजय के लिए कल नई दिल्ली में केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में, योजना की प्रगति की समीक्षा की गई और अनुसूचित जाति के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कार्यनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में, राज्य के मंत्रीगण, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, केंद्रीय वित्त, कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला और बाल विकास मंत्रालयों तथा नीति आयोग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**कन्या विवाह योजना**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब परिवार की बेटियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह और निकाह होता है। रीवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। श्री शुक्ल ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों और युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्यान्न और नि:शुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास तथा हर घर में जल पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किए जाने में सभी को सहभागी बनना होगा। सभी लोग नियमित स्वास्थ्य की जाँच कराएं। अल्ट्रा साउंड जाँच कराकर माँ व बच्चे सुरक्षित रहें।

**विश्व पुस्तक मेला**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले- में मध्यप्रदेश की पुस्तकें खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में हॉल नंबर 2 के आर-59 में शासन के पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग का संयुक्त स्टॉल में मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का स्टॉल लगाया गया है।

पर्यटन और संस्कृति विभाग के स्टाल में भोपाल और उज्जैन के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे स्वराज संस्थान, धर्मपाल शोधपीठ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, वीर भारत न्यास, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास तथा हिन्दी साहित्य अकादमी की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से राज्य के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, कला-संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। राज्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाएं भी यहां उपलब्ध हैं।

**महाकुंभ - सहायक यंत्र**

सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 12 हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। महाकुंभ में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक पैवेलियन स्थापित किया है, जहां सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार की पहलों को प्रदर्शित किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। रायसेन जिले से इस वर्ष परीक्षा में कुल 31263 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।
2- इंदौर में कान्ह नदी में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने तीन फैक्ट्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।
3- डिंडोरी में नशा मुक्त समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से दो दिवसीय

शक्ति चेतना शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

4- गुना पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु सेफ क्लिक अभियान जारी है।

5- आगरमालवा के ग्राम पालखेड़ी स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में 300 से अधिक छात्रों को तनोड़िया पुलिस चौकी के अधिकारियों ने कल साइबर अपराध पर सतर्कता के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया।

6- बैतूल में कल टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को फूड बास्केट पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैंसदेही ने 81 हजार रुपए की राशि भेंट की है।

अंत में इस बुलेटिन के मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी, प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री ने कहा- साफ, स्वच्छ यमुना को दिल्ली की पहचान बनाएंगे।

2- प्रधानमंत्री कल विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा, प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने समाज को प्रदान की नई दिशा।

4- नई दिल्ली जारी विश्व पुस्तक मेले में मध्यप्रदेश की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र।

-------